ग्राहक औषधि (कन्ज़्यूमर मेडिसिन) जानकारी सारांश

Boostrix एक ऐसा टीका है जो टिटनस, डिप्थीरिया और काली खाँसी (परटुसिस) के विरुद्ध बूस्टर टीकाकरण के लिए प्रयोग होता है। Boostrix टीके को कभी- कभी टीडैप (टिटनस/डिप्थीरिया/ एसल्यूलर परटुटिस) भी कहा जाता है।

Boostrix के सक्रिय तत्व हैं टिटनस और डिप्थीरिया बैक्टीरिया के गैर-संक्रामक पदार्थ और परटुसिस बैक्टीरिया के शुद्ध प्रोटीन। यह टीका इनमें से किसी भी रोग को पैदा नहीं कर सकता।

एक 0.5 ml Boostrix की खुराक में डिप्थीरिया टॉक्साइड के 2.5Lf यूनिट टिटनस टॉक्साइड के 5Lf यूनिट और परटुसिस एन्टीजीन्सः परटुटिस के टॉक्साइड के 8 माइक्रो ग्राम (mcg) filamentous haemagglutinin (फिलामेनटोस हेमाग्लुटीनिन) के 8 mcg और pertactin (पेराटैक्टिन) 2.5 mcg शामिल है।

प्रत्येक 0.5 मिलीलीटर खुराक में एल्यूमीनियम (एल्यूमीनियम हाइड्रॉक्साइड और एल्यूमीनियम फॉस्फेट के रूप में), सोडियम क्लोराइड और पानी की थोड़ी मात्रा भी होती है। ये सभी सामग्रियां आमतौर पर अन्य दवाओं और टीकों में भी उपयोग की जाती हैं।

आपकी बेटी को अगर Boostrix या इसके किसी भी पदार्थ से एलर्जी हो तो उसे यह टीका नहीं लगवाना चाहिए।

अगर आपके बच्चे को इस समय उच्च तापमान के साथ गंभीर संक्रमण है तो उनका टीकाकरण बाद की तारीख में हो सकता है। पहले अपने पारिवारिक डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स से बात करें।

आपके बच्चे को अगर निम्नलिखित हो तो उसे Boostrix नहीं लगवाना चाहिए:

- रक्त के थक्के जमने या डिप्थीरिया और/ या टिटनस के खिलाफ पहले दिए गए टीकाकरण के बाद नर्वस सिस्टम (तंत्रिका तंत्र) की समस्या हो चुकी हो
- मस्तिष्क में सूजन/ बीमारी का अनुभव, जो काली खाँसी (परटुसिस) टीके के साथ पिछले टीकाकरण के बाद सात दिनों में हुआ हो
- ऐसा न्यूरालॉजिकल (तंत्रिका सम्बन्धी) विकार जो स्थायी नहीं हो।

सामान्य दुष्प्रभावों (साइड इफेक्ट्स) में इंजेक्शन की जगह के आसपास दर्द, लालपन, सूजन या खरोंच सहित स्थानीय प्रतिक्रिया और आमतौर पर अस्वस्थ महसूस करना (बुखार, जी मितलाना, दर्द) शामिल हो सकते हैं।

अन्य प्रतिकूल प्रभाव, जैसे कि एलर्जी, शायद ही कभी हो सकते हैं। इन संभावित प्रतिकूल प्रभावों को मेडसेफ से उपलब्ध पूर्ण Medicine Information and Datasheet (उपभोक्ता चिकित्सा सूचना और डेटाशीट) में सूचीबद्ध किया गया है:
www.medsafe.govt.nzwww.medsafe.govt.nz

अगर Boostrix लेने के बाद कोई असामान्य या गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं, तो कृपया अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य प्रदाता से तुरन्त सम्पर्क करें।

कृपया अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य प्रदाता से तुरन्त सम्पर्क करें। यदि आपका बच्चा निम्नलिखित में से किसी हालात से पीड़ित है, तो कृपया सहमति देने से पहले अपने फैमिली डॉक्टर से, प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हैल्थ नर्स से टीकाकरण के बारे में बातचीत करें:

- रक्तस्राव विकार
- इम्यून डिफिशियन्सी या प्रतिरक्षा की हालत (जैसे कि आपका बच्चा एचआईवी पॉज़िटिव है)
- एक मस्तिष्क रोग या केंद्रीय स्नायु तंत्र की बीमारी जैसे कि मिर्गी या ज्वर के दौरे की प्रवृत्ति (तेज बुखार के कारण दौरे पड़ना)
- किसी अन्य दवा या रंग, खाद्य- पदार्थ और प्रीज़रवेटिव्स या परिरक्षकों जैसे पदार्थों से एलर्जी
- पिछली बार टिटनस, डिप्थीरिया और/या परटुसिस युक्त एक और टीका प्राप्त करने के बाद गंभीर प्रतिक्रिया
- कोई अन्य दवा या टीके प्राप्त कर रहे हैं
- टिटनस, डिप्थीरिया या परटुसिस के लिए कभी भी टीका नहीं दिया गया है या टिटनस और डिप्थीरिया के लिए टीकाकरण का कोर्स पूरा नहीं किया है।

Boostrix एक प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाई है। दवाओं के लाभ और खतरे होते हैं। इस टीके के लाभों और खतरों का पता लगाने के लिए अपने फैमिली डॉक्टर (पारिवारिक चिकित्सक), प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हैल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) नर्स से बात करें।

सारी उपभोक्ता जानकारी मेडसेफ से उपलब्ध है:
www.medsafe.govt.nz

आपके अधिकार

दी कोड ऑफ हैल्थ एंड डिसेबिलिटी सर्विसिज़ कन्ज़्यूमर्स राईट्स (स्वास्थ्य और विकलांगता सेवाओं की संहिता उपभोक्ताओं के अधिकार) न्यूज़ीलैंड में सभी स्वास्थ्य और विकलांगता सेवाओं पर लागू होती है। अधिक जानकारी के लिए, www.hdc.org.nz पर जाएं या 0800 555 050 नंबर पर फोन करें।

गोपनीयता

हो सकता है स्कूलों ने छात्रों के नाम, कमरे के नंबर, जन्म तिथि, पते और जातीयता जैसी कुछ जानकारी प्रदान की हो। ऐसा करने से पहले आपके स्कूल को चाहिए था कि आपको सूचित किया जाए। इस जानकारी का उपयोग आपके द्वारा स्कूल सहमति फॉर्म पर प्रदान की गई जानकारी के साथ, इस टीकाकरण कार्यक्रम को संचालित करने में मदद करने के लिए किया जाता है।

आपके जिला स्वास्थ्य बोर्ड द्वारा आयोजित एक पेशेंट मैनेजमेंट सिस्टम्स (रोगी प्रबंधन प्रणाली) पर सहमति फॉर्म की जानकारी और दिए गए या अस्वीकृत प्रत्येक टीके का विवरण दर्ज किया जाएगा और इसमें से कुछ को नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (राष्ट्रीय टीकाकरण रजिस्टर) में भेज दिया जाएगा।

पेशेंट मैनेजमेंट सिस्टम्स (रोगी प्रबंधन प्रणाली) का उपयोग जिला स्वास्थ्य बोर्डों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दर्ज करने के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय टीकाकरण रजिस्टर एक राष्ट्रीय डेटाबेस है, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के पास रहता है। रजिस्टर में न्यूज़ीलैंड के बच्चों और विशेष टीकाकरण कार्यक्रमों में शामिल लोगों को दिए गए टीकाकरण का रिकॉर्ड रखा जाता है।

सहमति फॉर्म, रोगी प्रबंधन प्रणाली और राष्ट्रीय टीकाकरण रजिस्टर की जानकारी स्वास्थ्य सूचना गोपनीयता कोड द्वारा सुरक्षित है। केवल अधिकृत स्वास्थ्य पेशेवर ही इसे देखेंगे, उपयोग करेंगे या बदलेंगे। हालाँकि, आप अपने बच्चे की जानकारी को देख सकते हैं और किसी भी विवरण को सही कर सकते हैं। अगर आप ऐसा करना चाहते हैं, अपनी पब्लिक हैल्थ नर्स अथवा डॉक्टर या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

पब्लिक हैल्थ नर्सें सहमति फॉर्म, रोगी प्रबंधन प्रणाली और राष्ट्रीय टीकाकरण रजिस्टर की जानकारी का उपयोग करेंगी:

- आपके डॉक्टर या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने के लिए यदि उन्हें यह जांच करनी है कि आपके बच्चे को कौन से टीके पहले ही दिए जा चुके हैं
- अगर आपके बच्चे को स्वास्थ्य संबंधी कोई चिंता है
- स्कूल को सूचित करने के लिए कि आपके बच्चे को टीके लगाए गए थे या नहीं
- इस टीकाकरण कार्यक्रम का आकलन करने और भावी कार्यक्रमों की योजना बनाने में मदद के लिए
- अपने बच्चे को टीकाकरण के लिए अपने पारिवारिक डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स के पास भेजने के लिए अगर वे उनसे स्कूल में चूक गए हैं।

ऐसी जानकारी जिसमें व्यक्तियों की पहचान नहीं की जाती है उसका उपयोग अनुसंधान उद्देश्यों के लिए या नई सेवाओं की योजना बनाने के लिए किया जा सकता है।

स्कूल रोल शेयरिंग (हाजिरी रजिस्टर साझा करना), गोपनीयता और जानकारी के उपयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने जिला स्वास्थ्य बोर्ड की गोपनीयता नीतियों को देखें। अगर गोपनीयता के बारे में आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो आप enquiries@privacy.org.nz पर ईमेल करें या प्राइवेसी कमिश्नर (गोपनीयता आयुक्त) की मुफ्त हैल्पलाईन को 0800 803 909 नंबर पर फोन करें।

पब्लिक हैल्थ नर्स संपर्क ब्यौरा:

immunise
their best protection

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
hpa te hiringa hauora HEALTH PROMOTION AGENCY
New Zealand Government

यह सहमति फॉर्म www.healthed.govt.nz वेबसाइट से या आपके जिला स्वास्थ्य बोर्ड के अधिकृत प्रदाता के पास उपलब्ध है।
Revised January 2022 | Hindi | Code **HE2348**

7वीं कक्षा का टीकाकरण

बूस्ट्रिक्स – टिटनेस, डिप्थीरिया और काली खांसी (परटुसिस) से आपके बच्चे की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक टीका

माता-पिता सहमति फार्म

कृपया हस्ताक्षर करें और स्कूल को फॉर्म लौटा दें।

immunise
their best protection

HINDI
हिन्दी

CHINESE (SIMPLIFIED)
简体中文

CHINESE (TRADITIONAL)
繁體中文

COOK ISLANDS MĀORI
Te Reo Māori Kuki 'Āirani

SAMOAN
Gagana Samoa

TONGAN
Te Gagana Tokelau

TE REO MĀORI

ENGLISH

टिटनस, डिप्थीरिया और काली खांसी (परटुसिस) के संक्रमण से बचाने में मदद करने के लिए सभी 7वीं कक्षा के छात्रों को स्कूल में मुफ्त बूस्टर टीकाकरण की पेशकश की जाती है। इस टीकाकरण को बूस्ट्रिक्स, 11 वर्षीय टीकाकरण और Tdap के नाम से भी जाना जाता है।

अगले कुछ पृष्ठों में दी गई जानकारी आपको यह तय करने में मदद करेगी कि आपके बच्चे का स्कूल में टीकाकरण किया जाना चाहिए या नहीं।

कृपया निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और अपने बच्चे के साथ इसके बारे में बात करें। जब आप निर्णय पर पहुंच जाते हैं, तो कृपया इस टीयर-ऑफ (फाड़ कर अलग किए जाने वाले) फॉर्म पर हस्ताक्षर करें और उसे वापस स्कूल भेज दें।

कौन सी बीमारियां हैं?

टिटनस (लॉकजॉ)

टिटनेस एक ऐसी बीमारी है जो कटने या खरोंच के जरिए शरीर में प्रवेश कर सकती है। यह मांसपेशियों में जकड़न और ऐंठन का कारण बनती है। यह सांस लेने वाली मांसपेशियों को प्रभावित कर सकती है।

डिप्थीरिया

डिप्थीरिया गले को प्रभावित करता है, जिससे सांस लेना और निगलना मुश्किल हो जाता है। यह नसों, मांसपेशियों, हृदय और त्वचा को भी प्रभावित कर सकता है।

काली खांसी (परटुसिस)

यह रोग श्वास नलिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। इससे प्रभावित बच्चों को उल्टी हो सकती है और खांसी होने पर उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। खांसी के दौरों के बीच सांस लेने के लिए हांफते समय वे 'हूप' की आवाज सी निकाल सकते हैं।

यह वैक्सीन क्या है?

7 वीं कक्षा (उम्र 10 से 12 वर्ष) में, छात्रों को टिटनस, डिप्थीरिया और काली खांसी के खिलाफ एक मुफ्त टीके की पेशकश की जाती है। इस वैक्सीन को बूस्ट्रिक्स कहा जाता है।

न्यूज़ीलैंड में, बच्चों (छह सप्ताह, तीन और पांच महीने की उम्र में) और छोटे बच्चों (चार साल की उम्र) को टिटनेस, डिप्थीरिया और काली खांसी से बचाने के लिए टीके लगाए जाते हैं। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते जाते हैं, यह सुरक्षा कम होती जाती है, इसलिए 7वीं कक्षा के छात्रों को तीन बीमारियों से अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए बूस्ट्रिक्स वैक्सीन की जरूरत होती है।

यह वैक्सीन कैसे काम करती है?

यह टीका शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को तीन बीमारियों के खिलाफ अपनी सुरक्षा उत्पन्न करने का कारण बनता है।

वैक्सीन क्यों दी जाती है?

यह बूस्टर खुराक घटती प्रभावकारिता (कम होती क्षमता) को रोक देगी जो आपके बच्चे को 5 साल की उम्र से पहले प्राप्त हुए टीकों के बाद के सालों में होती है। यह टीका 30 साल या उससे अधिक समय तक वयस्कता में डिप्थीरिया और टिटनस के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करेगा, हालांकि इस बूस्टर के 10 साल बाद टिटनस-प्रवृत्त चोट होने पर बूस्टर खुराक की जरूरत हो सकती है। काली खांसी के खिलाफ सुरक्षा 5 साल के बाद घटने (कम होने) लगती है।

यह वैक्सीन कैसे दी जाती है?

एक इंजेक्शन बाजू के ऊपरी हिस्से में दिया जाता है।

इंजेक्शन के बाद क्या होता है?

संभावित प्रतिक्रियाएं

सभी टीकाकरणों की तरह, आपके बच्चे की बाजू में दर्द हो सकता है, इंजेक्शन वाली जगह पर लालिमा, दर्द और सूजन हो सकती है। ये आम दुष्प्रभाव एक दिन या उससेज्यादा दिन तक रह सकते हैं।

अन्य संभावित प्रतिक्रियाओं में शामिल हैं:

- लालिमा, सूजन, एक सख्त गांठ, पीड़ा, नील पड़ना या इंजेक्शन वाली जगह के आसपास खराश, या त्वचा पर लाल चकत्ते
- बुखार (गरमी महसूस करना)
- भूख में कमी होना, मतली (बीमार महसूस करना), उल्टी होना
- सामान्य असुविधा (अस्वस्थ महसूस करना, दर्द एवं पीड़ा)।

गंभीर प्रतिक्रियाएं बहुत ही कम होती हैं

अध्ययनों से पता चला है कि गंभीर प्रतिकूल प्रतिक्रियाएं दुर्लभ हैं।

बहुत ही दुर्लभ मामलों में टीका हाथ में एक तंत्रिका विकार (ब्रॉकियल प्लेक्सिस न्यूरोपैथी) के साथ जुड़ा हुआ है।

एनाफिलेक्सिस नामक गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया भी बहुत दुर्लभ है, और आमतौर पर यह टीका दिए जाने के कुछ मिनटों के भीतर होती है। प्रत्येक पब्लिक हैल्थ नर्स इस तरह की प्रतिक्रिया से निपटने के लिए प्रशिक्षित और सक्षम है।

टीकाकरण के बाद पब्लिक हैल्थ नर्स आपके बच्चे पर 20 मिनट तक नजर रखेगी। किसी भी टीकाकरण के बाद सामान्य रूप से ऐसा किया जाता है। नर्स आपके बच्चे को एक फॉर्म भी देगी जिसमें जानकारी होगी कि इंजेक्शन कहाँ (बाँयी या दाँयी बाजू में) और कब दिया गया था।

प्रश्न पूछना और चिंताओं की रिपोर्ट करना

अगर टीका लगने के बाद आपको अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में कोई चिंता है तो अपने फैमिली डॉक्टर (पारिवारिक चिकित्सक), प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हैल्थ नर्स से संपर्क करें।

टीका लगने के बाद किसी भी अप्रत्याशित दुष्प्रभाव की सूचना अपने फैमिली डॉक्टर, प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हैल्थ नर्स को देना महत्वपूर्ण है। अगर आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि क्या कोई लक्षण टीके से संबंधित हो सकता है, तो अपने फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स से इस बारे में चर्चा करें।

स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रतिरक्षण के बाद होने वाली प्रतिक्रियाओं की रिपोर्ट प्रतिकूल प्रतिक्रिया निगरानी केंद्र CARM (सीएआरएम) को देनी चाहिए। आप CARM को carmnz@otago.ac.nz पर ईमेल करके या CARM वेबसाइट पर ऑनलाइन रिपोर्टिंग फॉर्म का उपयोग करके भी उनकी रिपोर्ट कर सकते हैं: http://www.otago.ac.nz/carm

वैक्सीन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, समरी कन्ज़्यूमर मेडीसिन इन्फॉर्मेशन (उपभोक्ता चिकित्सा सूचना सारांश) को पिछले पृष्ठ पर देखें या इम्युनाइज़ेशन एडवाइज़री सैंटर (IMAC) को 0800 IMMUNE (0800 466 863) पर फोन करें।

मुझे और जानकारी कहां से मिल सकती है?

- **पब्लिक हैल्थ नर्स या अपने डॉक्टर अथवा प्रैक्टिस नर्स से बात करें**
- एक वीडियो क्लिप और वैक्सीन के बारे में अधिक जानकारी के लिए **www.health.govt.nz/imms-older-children**पर जाएं
- प्रकाशित उपभोक्ता चिकित्सा जानकारी **www.medsafe.govt.nz/consumers/cmi/b/boostrix.pdf** यहां देखें।
- फ्रीफोन **0800 IMMUNE** (**0800 466 863**)

माता-पिता की सहमति फॉर्म को भरने के बारे में अगर आपको अधिक जानकारी चाहिए या अगर आप यह जानकारी किसी अन्य भाषा में चाहते हैं तो सीधे पब्लिक हैल्थ नर्स से संपर्क करें।